श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/318 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या यह बात सही है मोतिहारी जिलान्तर्गत रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के रक्सौल एवं आदापुर प्रखंड की कृषि व्यवस्था मुख्य रूप से घोड़ासहन शाखा नहर पर निर्भर है, लेकिन भेलाही (RD 80) से बखरी (RD 160) तक नहर में गाद जमा होने कारण इसकी जल– वहन क्षमता कम हो गयी है तथा उप–वितरणी भी जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर खंड के सुदृढीकरण, गाद सफाई तथा मौजुदा उप–वितरणियों के पुनर्स्थापन करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत रक्सौल प्रखंड के भेलाही पंचायत से आदापुर प्रखंड के गम्हरिया कला पंचायत तक घोड़ासहन शाखा द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। घोड़ासहन शाखा नहर का रूपांकित जलश्राव 1022 घनसेक है, जिसके विरूद्ध विगत खरीफ अवधि में 1022 घनसेक जलश्राव प्रवाहित कराकर नहर के अंतिम छोर तक किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया गया है। विगत खरीफ सिंचाई अवधि में निर्धारित लक्ष्य 25095 हे0 के विरूद्ध 24856 हे0 क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। नहर संचालन तथा रख–रखाव हेतु जल संसाधन विभाग द्वारा लागू मानक संचालन प्रक्रिया के तहत नहरों के सुदृढीकरण, गाद सफाई तथा पुनर्स्थापन कार्य कराने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी को निदेशित किया गया है।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(मो0)–05–20/2026– **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/318 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–20 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–20 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–20 / 2026– 1547 पटना, दिनांक– 25/03/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
24.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo